# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

## जनपद ललितपुर में दिनांक–18.03.2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक–18.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं, जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की प्रगति एवं रोड रेस्टोरेशन के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

01. मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर।
02. श्रीमति सोनाली जैन, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ललितपुर।
03. श्री दिनेश कुमार विश्वकर्मा ई0ओ0 नगर पालिका परिषद ललितपुर।
04. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
05. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
06. श्री अवनीश मिश्र, सहायक अभियन्ता जल निगम (नगरीय), झाँसी।
07. श्री अश्वनी कुमार जूनियर इंजीनियर जल निगम (नगरीय), झाँसी।
08. श्री अरूण कुमार बौद्ध सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
09. श्री धीरज कुमार, सहायक अभियंता (SWSM), (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
10. श्री राहुल सिंह, ऐ0ई0, SWSM ललितपुर।
11. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
12. श्री विनय कुमार साहू, टी0एल0/डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
13. श्री आकाश सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स सुधाकरा ललितपुर।
14. श्री बी0एन0 शुक्ला, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
15. श्री सुभाष विशनोई, प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा ललितपुर।
16. श्री संतोष, प्रतिनिधि, ब्रिज बानको ललितपुर।
17. श्री अनूप सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, सी0के0 इंटरप्राइजेज ललितपुर।
18. कु0 अभिलाषा तिवारी प्रोजेक्ट मैनेजर, हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग ललितपुर।
19. कु0 खुशबू खान अवर अभियंता, नगर पालिका परिषद ललितपुर।
20. कु0 निधि पाण्डेय अवर अभियंताए नगर पालिका परिषद ललितपुर।
21. श्री शिशुपाल प्रोजेक्ट मैनेजर, ओ0पी0जी0 ललितपुर।
22. श्री समक्ष कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर, प्राची इन्फ्रा ललितपुर।

## 1. जल निगम (ग्रामीण)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नगरीय ललितपुर को निर्देशित किया गया कि अपनी–अपनी योजनाओं में क्षतिग्रस्त की गयी सड़कों के रेस्टोरेशन की जांच के लिए गठित संयुक्त समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। तत्पश्चात् अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने बैठक दिनांक तक कुल 379 ग्रामों का सत्यापन की रिपोर्ट प्रस्तुत किया एवं अवगत कराया कि 379 सत्यापित ग्रामों के सापेक्ष 177 ग्रामों में कोई रेस्टोरेशन का कार्य लम्बित नहीं है तथा 105 ग्रामों में 1 मी0–50 मी0 तक पेंचअप का कार्य किया जाना शेष है, 50. मी0–350 मी0 तक का रेस्टोरेशन 74 ग्रामों में शेष है एवं 350 मी0 से अधिक का रेस्टोरेशन 23 ग्रामों में शेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि 15 दिवस के अन्तर्गत उपरोक्त ग्रामों के रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करें एवं रेस्टोरेशन कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व सड़क की फोटोग्राफ एवं रेस्टोरेशन करने के उपरान्त भी फोटोग्राफ लेना सुनिश्चित करें तथा आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करें। जल जीवन मिशन की सभी कार्यदायी संस्थाओं को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता पर एवं गुणवत्तापूर्वक करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर से उपरोक्त ग्रामों के रेस्टोरेशन का सत्यापन 15 दिवस में कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में कुल 551 ग्राम सम्मिलित है। जिसमें से वर्तमान में 527 ग्राम में नियमित जलापूर्ति की जा रही है एवं 536 ग्रामों के रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष 14 ग्रामों में से 12 ग्राम बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत है, 1 ग्राम धौर्रा बालाबेहट के अन्तर्गत एवं 1 ग्राम कड़ेसरा कलां के अन्तर्गत है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि शेष ग्रामों का रेस्टोरेशन पर्याप्त श्रमिक लगाकर शीघ्र पूर्ण करें।

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के द्वारा निर्देशित है कि जिन ग्राम पंचायतों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है उन ग्राम पंचायतों को ग्राम की इन विलेज इन्फ्रास्ट्रेक्चर को हस्तान्तरण सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल अर्पण उत्सव मनाते हुए Hand over किया जाये। उक्त के क्रम में वर्तमान तक 3 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं क्रमशः बदनपुर, मसौरा सिंदवाहा एवं लागौन के रामपुर, पटसेमरा एवं महर्रा पंचायतों को स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल अर्पण दिवस मनाते हुए Hand over किया जा चुका है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि शेष सभी ग्राम पंचायतों में जल अर्पण दिवस मनाते हुए सम्बन्धित प्रधानों को Hand over करें।

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत ने जलापूर्ति संचालन एवं रखरखाव के लिए 1 नल जल मित्र सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के द्वारा प्रस्ताव पास कर नियुक्त किया गया जाना है। वर्तमान में कुल 27 नल जल मित्र चयनित हुए है। अधोहस्तक्षरी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष पंचायतों के प्रधानों के द्वारा प्रस्ताव पारित कराकर नल जल मित्र का नाम शीघ्र प्रस्तावित करायें।

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिन पंचायतों में हर घर जल प्रणामित हो गया है उन पंचायतों का जल सेवा आंकलन ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा कराया जाना है। वर्तमान में कुल 350 पंचायतों के सापेक्ष 161 पंचायतों का जल सेवा आंकलन सम्बन्धि ग्राम सचिवों द्वारा किया गया हैं, शेष 189 ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन किया जाना है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष पंचायतों के ग्राम सचिवों से शीघ्र जल सेवा आंकलन कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियंता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि कुल 551 ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण के सापेक्ष वर्तमान में 527 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण सम्बन्धित ग्राम प्रधनों/ग्राम सचिवों द्वारा किया जा चुका है, शेष 24 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जाना है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण सम्बन्धित ग्राम प्रधनों/ग्राम सचिवों द्वारा शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना का इंटेक वेल भौंरट बांध पर स्थित है। जिसकी सिंचाई विभाग को वन विभाग से अन्तिम अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण पर्याप्त स्तर तक जल भराव नहीं किया जा रहा हैं। ग्रीष्मकाल के माह अप्रैल से मई 2026 में सम्भावित पानी की कमी होने के कारण योजना के 23 ग्रामों में जलापूर्ति बाधित होने की सम्भावना है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर को योजना में सम्मिलित ग्रामों के ग्राम प्रधानों से सम्पर्क कर उक्त स्थिति से अवगत कराने एवं पानी के टैंकरों की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि यदि भौंरट बांध में पानी का स्तर कम होता है तो ग्रामीणों को वैकल्पिक व्यवस्था के द्वारा जलापूर्ति की जा सके, जिससे ग्रीष्मकाल में ग्रामवासियों को पीने के पानी के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को विगत वर्ष जिन ग्रामों में जलापूर्ति नहीं होने के कारण समस्या उत्पन्न हुयी थी उन ग्रामों को सूचीबद्ध करके प्राथमिकता के तौर पर जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि ग्राम कोटरा में विगत वर्ष जलापूर्ति नहीं हुयी थी।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं में अधिकतर विद्युत कनेक्शन टेपिंग से ऊर्जाकृत किये गये है। जिसके कारण लो वोल्टेज एवं कम समय के लिए विद्युत आपूर्ति होने से योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में जलापूर्ति सुचारू रूप से नहीं होती है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जहां पर विद्युत कनेक्शन टेपिंग द्वारा किया गया है उनके समीप स्थित स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन चिन्हित करें जिससे कि विद्युत विभाग के समन्वय से उपरोक्त स्थलों को भी स्वतन्त्र ऊर्जाकृत किया जा सके।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि मंत्री महोदय द्वारा प्रस्तुत कि गयी शिकायतों का उनके द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं शिकायतें सही पायी गयी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि कुल 20 शिकायतों में से 6 शिकायतें जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्था मेसर्स सुधाकरा की योजनाओं के अन्तर्गत है जिसमें से दो शिकायतों का निराकरण कार्यदायी संस्था द्वारा कर दिया गया है

एवं शेष 4 शिकायतों में से 2 शिकायतों का निराकरण दिनांक 25—30 मार्च 2026 के अन्तर्गत किया जायेगा एवं 2 शिकायतों का निराकरण दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक किया जायेगा। प्रस्तुत की गयी 20 शिकायतों में से शेष 14 शिकायतें जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं के अन्तर्गत मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग प्रा0लि0 एवं मेसर्स सी0के0 इंटरप्राइजेज की योजनाओं में सम्मिलित है। जिसमे से 9 शिकायतें मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग प्रा0लि0 की योजनाओं में एवं 5 शिकायतें सी0के0 इंटरप्राइजेज की योजनाओं में सम्मिलित है। मेसर्स सी0के0 इंटरप्राइजेज की 5 शिकायतों का निराकरण दिनांक 20—30 मार्च 2026 के अन्तर्गत किया जायेगा। मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग प्रा0लि0 की योजनाओं से सम्मिलित 9 शिकायतें में से 2 शिकायतों का निराकरण 31 मार्च 2026 तक किया जायेगा, शेष 7 शिकायतों का निराकरण के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया है कि विगत 1.5 वर्ष से भुगतान नहीं होने के कारण उपरोक्त शिकायतों की योजनाओं में कार्य कराना संभव नहीं है। तत्पश्चात अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया गया कि माप पुस्तिका (MB) से उपरोक्त 7 शिकायतों से सम्बन्धित कार्य के भुगतान की जांच किसी अन्य विभाग के इंजीनियर द्वारा कराकर सुनिश्चित करें कि उक्त शिकायतों से सम्बन्धित कार्य का भुगतान किया गया है अथवा नहीं। यदि भुगतान किया गया है तो उस स्थिति में कार्यदायी संस्था से वसूली (Recovery) की कार्यवाही करें।

## 2. जल निगम (नगरीय)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में नगर पालिका परिषद ललितपुर में जल निगम (नगरीय) द्वारा पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त की गई सड़को की वास्तिविक स्थिति के सम्बन्ध में जल निगम (नगरीय), जल संस्थान ललितपुर एवं नगर पालिका परिषद ललितपुर की संयुक्त टीम द्वारा नगर पालिका परिषद के समस्त 26 वार्डो की गई सर्वे की समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय द्वारा अवगत कराया गया कि सूची में से 80 स्थलों के रेस्टोरेशन का कार्य करा दिया गया है एवं शेष स्थलों के रेस्टोरेशन का कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को जल निगम नगरीय के द्वारा किये गये रोड रेस्टोरेशन की अपने स्तर से जांच कराने के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि 15 दिवस के अन्तर्गत वार्ड नं0— 01, 04, 06, 07, 08, 13, 15 एवं 16 के रेस्टोरेशन का कार्य किया जायेगा तथा योजनान्तर्गत इलाइट चौराहा स्थित 2700 किली0 एवं लहडिया स्थित 1350 किली0 के उच्च जलाशयों से अप्रैल 2026 के अन्त तक पेयजलापूर्ति करा दी जायेगी। जिससे इलाइट टंकी से वार्ड संख्या 02, 06, 07, एवं 13 में पेयजलापूर्ति की जायेगी। तथा लहडिया स्थित टंकी से वार्ड संख्या 04,12,15,16,17 एवं 19 में पेयजलापूर्ति की जायेगी।

## 3. जल संस्थान ललितपुर

अधिशासी अभियंता जल संस्थान ललितपुर द्वारा विद्युत आपूर्ति के समय के सम्बन्ध में शिकायत की गयी। उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता जल संस्थान ललितपुर को निर्देशित किया गया कि जलापूर्ति की समय की सूची अधिक्षण अभियंता विद्युत को प्रस्तुत करें एवं अधिक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि जलापूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करें जिससे जलापूर्ति में कोई व्यावधान उत्पन्न न हो।





बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों कों अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि रोड रेस्टोरेशन सम्बन्धी आगामी बैठक 15 दिवस के उपरान्त होगी तथा उसके पश्चात् प्रत्येक सप्ताह की जायेगी।

(सत्य प्रकाश)
a/c जिलाधिकारी, ललितपुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक– 1045/एस0टी0 (नमामि गंगे)/2025-26 दिनांक 24/03 –2026

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

01. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
02. मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर।
03. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।
04. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
05. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
06. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), ललितपुर।
07. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
08. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
09. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
13. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
14. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।
15. मेसर्स सी0के0 इंटरप्राइजेज ललितपुर।
16. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग खुर्रम नगर, लखनऊ।
17. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ललितपुर।

(सत्य प्रकाश)
a/c जिलाधिकारी, ललितपुर।

बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों कों अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि रोड रेस्टोरेशन सम्बन्धी आगामी बैठक 15 दिवस के उपरान्त होगी तथा उसके पश्चात् प्रत्येक सप्ताह की जायेगी।

(सत्य प्रकाश)
जिलाधिकारी, ललितपुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक– 1045/ एस० टी० (नमामि गंगे) /2025-26 दिनांक 24-03-2026

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

01. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
02. मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर।
03. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।
04. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
05. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
06. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), ललितपुर।
07. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
08. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
09. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
13. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
14. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।
15. मेसर्स सी0के0 इंटरप्राइजेज ललितपुर।
16. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग खुर्रम नगर, लखनऊ।
17. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ललितपुर।

(सत्य प्रकाश)
जिलाधिकारी, ललितपुर।

बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों कों अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि रोड रेस्टोरेशन सम्बन्धी आगामी बैठक 15 दिवस के उपरान्त होगी तथा उसके पश्चात् प्रत्येक सप्ताह की जायेगी।

(सत्य प्रकाश)
जिलाधिकारी, ललितपुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक– 1045/एस० टी० (नमामि गंगे)/2025-26 दिनांक 24-03-2026

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

01. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
02. मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर।
03. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।
04. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
05. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
06. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), ललितपुर।
07. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
08. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
09. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
13. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
14. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।
15. मेसर्स सी0के0 इंटरप्राइजेज ललितपुर।
16. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग खुर्रम नगर, लखनऊ।
17. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ललितपुर।

(सत्य प्रकाश)
जिलाधिकारी, ललितपुर।